माननीय सदस्यगण, कानून व्यवस्था और सामाजिक क्षेत्र में उपलब्धियों के बाद जिस एक क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में मेरी सरकार को राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है, वह पुल और सड़क निर्माण के ऐतिहासिक कार्य हैं। आप जानते ही होंगे कि आजादी के बाद 1952 से 2002 तक बड़ी नदियों जैसे गंगा, यमुना, घाघरा, बेतवा, शारदा, चम्बल, राप्ती, गोमती एवं रामगंगा आदि पर कुल 27 पुल बने थे, जबकि मेरी सरकार ने पिछले तीन सालों में बड़ी नदियों पर 46 पुल स्वीकृत किये, जिनमें सभी पुलों पर निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जायेगा। वर्ष 2003 से पहले के 10 वर्षों में कुल 355 पुल बनाये गये थे। माननीय सदस्यगण मात्र 3 साल में उत्तर प्रदेश में 361 पुलों का निर्माण हुआ है। मुझे यह कहते हुए संतोष है कि सड़कों एवं पुलों के निर्माण में सन् 1993 से मार्च, 2003 तक 10 सालों में जो कार्य हुए उससे अधिक कार्य मेरी सरकार के पिछले लगभग साढ़े तीन सालों में हुए। इस दौरान प्रदेश में 65 हजार कि0मी0 लम्बी सड़कों का नवनिर्माण, मरम्मत एवं चौड़ीकरण का काय किया गया। माननीय सदस्यगण, इन कार्यों की जनता ने भी खुलकर सराहना की है।

माननीय सदस्यगण, प्रदेश में मेरी सरकार द्वारा इस वर्ष 24000 कि0मी0 मार्ग के नवीनीकरण का कार्य किया जायेगा। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग द्वारा 1,27,166 किलोमीटर विभिन्न प्रकार के मार्गों का रख-रखाव होगा, जिसके लिए 2006-2007 में सड़कों और पुलों के नव-निर्माण, रख-रखाव, उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु 5406 करोड़ रुपये का प्राविधान किया जा चुका है।

मेरी सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास हेतु जिला चन्दौली, गाजीपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र, मऊ, बलिया, देवरिया और कुशीनगर के लिए वर्ष 2005-06 के लिए एवं 2006-07 में 700 कि0मी0 लम्बाई की सड़कों हेतु 107 करोड़ रुपये की स्वीकृतियां निर्गत की हैं।

माननीय सदस्यगण, आपको जानकर प्रसन्न्ता होगी कि मेरी सरकार ने प्रदेश के पिछड़े पूर्वांचल तथा बुन्देलखण्ड क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान देते हुए वर्ष 2006-07 में पूर्वांचल एवं बुन्देलखण्ड विकास निधि में आयोजनागत मद से 347 करोड़ रुपया और आयोजनेत्तर मद से 175 करोड़ रुपये की धनराशि की अलग से व्यवस्था की है। उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम ने 2005-06 में 152 सेतुओं का निर्माण कार्य पूरा कराया है। वर्ष 2006-07 में 397 करोड़ रुपये के प्राविधन से 151 सेतु बनाये जाने का लक्ष्य है। इससे सेतु और सड़क निर्माण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की तस्वीर ही बदल जायेगी और माननीय सदस्यगण, यह प्रदेश एक ऐसे प्रांत के रूप में उभरेगा, जिसकी सड़कें और पुल अन्तर्राष्ट्रीय गुणवत्ता के होंगे।

बिजली

माननीय सदस्यगण, मेरी सरकार ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् ऊर्जा की उपलब्धता बढ़ाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। मुझे यह बताते हुए अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में बिजली की आपूर्ति 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ी है। चालू वित्तीय वर्ष में लगभग 139 मिलियन यूनिट प्रतिदिन औसत आपूर्ति की जा रही है। वर्ष 2006-07 में 163 मिलियन यूनिट की अधिकतम विद्युत आपूर्ति तथा 7100 मेगावाट तक की मांग पूरी करने का रिकार्ड कायम किया गया है। आगामी वर्षों में ग्रामीण क्षेत्र में 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति का प्रयास किया जायेगा।

मेरी सरकार द्वारा ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की गई है। अक्टूबर, 2006 में शुरू की गई शत प्रतिशत ग्रामीण विद्युतीकरण की योजना में 30852 गांवों के विद्युतीकरण के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 18489 गांवों का विद्युतीकरण पूर्ण किया जा चुका है। ग्रामीण विद्युतीकरण के क्षेत्र में पूरे देश में कुल 22380 गांवों का विद्युतीकरण किया गया है जिसमें से 18489 गांव केवल उत्तर प्रदेश में विद्युतीकृत हुए हैं। इस प्रकार ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश ने अव्वल स्थान प्राप्त किया है।

मेरी सरकार द्वारा वर्तमान में विद्युत की कमी एवं भविष्य की आवश्यकता की पूर्ति के लिए नई परियोजनाओं की स्थापना एवं वर्तमान संयत्रों के कुशल उपयोग की दिशा में भी महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की गई हैं। मुझे बताते हुए हर्ष है कि वर्ष 2006-07 में पारीछा विस्तार योजना के अन्तर्गत 210 मेगावाट की एक इकाई से वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ हो गया है तथा 210 मेगावाट की क्षमता की दूसरी इकाई भी जनवरी, 2007 के अन्त तक विद्युत उत्पादन प्रारम्भ कर देगी। निजी क्षेत्र द्वारा स्थापित 400 मेगावाट क्षमता की विष्णुप्रयाग जल विद्युत परियोजना की सभी इकाइयों से उत्पादन प्रारम्भ हो गया है। राज्य सरकार द्वारा राजकीय क्षेत्र में 2000 मेगावाट तथा निजी क्षेत्र में 2530 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं पर भी स्वीकृति प्रदान की गई जो अगले 4 वर्षों में पूरी हो जायेगी। जनपद इलाहाबाद एवं सोनभद्र में निजी/राजकीय क्षेत्र में 4000 मेगावाट क्षमता की 3 परियोजनाओं पर सैद्धान्तिक स्वीकृति भी दी गई है।

मेरी सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों के विद्युत वितरण तंत्र में सुधार के लिए त्वरित ऊर्जा सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत गत 3 वर्षों में 29 शहरों में 1412 करोड़ की 35 योजनाएं प्रारम्भ की गई थीं जो चालू वित्तीय वर्ष के अन्त तक पूर्ण हो जायेंगी। 28 शहरों के लिए 541 करोड़ लागत की 28 योजनाएं केन्द्र सरकार से चालू वर्ष में स्वीकृत हुई हैं, जिन्हें प्रारम्भ किया जा रहा है। पारेषण तंत्र में अतिभारिता को समाप्त करने के लिए गत तीन वर्षों में विभिन्न क्षमता के 64 उपकेन्द्र पूर्ण किये गये हैं तथा पारेषण की 2074 सर्किट किलोमीटर की लाइनें भी पूरी की गई हैं। 33 के0वी0 क्षमता के उपकेन्द्रों में कुल 3936 एम0वी0ए0 की क्षमता वृद्धि की गई है।

औद्योगिक विकास

मा0 सदस्यगण, आप अवगत ही हैं कि मेरी सरकार ने भारतीय कारपोरेट जगत के अग्रणी उद्योगपतियों को प्रदेश के इतिहास में पहली बार एक मंच पर लाकर राज्य की खुशहाली तथा औद्योगिक निवेश बढ़ाने के लिए उ0 प्र0 विकास परिषद् एवं औद्योगिक निवेश बोर्ड का गठन किया, जिसकी हर स्तर पर सराहना की गई। मेरी सरकार द्वारा उद्योगों के हित में लागू आकर्षक एवं व्यावहारिक नीतियों के फलस्वरूप विगत तीन वर्षों में राज्य में सर्वाधिक 82 हजार करोड़ रुपये से अधिक के औद्योगिक प्रस्ताव मिले, जो अपने आपमें एक कीर्तिमान है। इनमें से लगभग 8,000 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश से उत्तर प्रदेश में विभिन्न औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जा रही हैं।

वृहद उद्योग क्षेत्र के अन्तर्गत ग्रोथ सेंटर का विकास, विशेष आर्थिक क्षेत्रों का विकास तथा एग्रो पार्क के विकास जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा किए गये सतत् प्रयासों के फलस्वरूप दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन द्वारा नोयडा क्षेत्र को जोड़े जाने की परियोजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसे वर्ष 2010 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

अवस्थापना सुविधाओं के विकास में निजी पूंजी निवेश की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए औद्योगिक एवं सेवा क्षेत्र निवेश नीति 2004 में रुपये 50 करोड़ प्रतिवर्ष की धनराशि से औद्योगिक अवस्थापना विकास कोष का गठन किया गया है।

नयी खनिज नीति 2004 के अन्तर्गत खनिज अन्वेषण में पूंजी निवेश और आधुनिक तकनीक को आमंत्रित करने के लिए विभिन्न निजी कम्पनियों को भी विनिवेश परमिट निर्गत किये गये हैं। प्रदेश में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस के भण्डारों का पता लगाने के लिए विभिन तेल कम्पनियों को पेट्रोलियम एक्सप्लोरेशन लाइसेन्स दिये गये हैं। नये अवसर स्वतः सृजित हुए हैं। आई0टी0 क्षेत्र में प्रदेश का नव विकसित शहर देश के आई0टी0 उद्योग के क्षेत्र में सबसे आगे बंगलौर के बाद दूसरे नम्बर पर नोएडा हो गया है। मेरी सरकार की औद्योगिक नीति से प्रभावित होकर देशी और विदेशी निवेशकों ने नोएडा में अच्छी पूंजी निवेश की है जिससे अनुमान है कि नोएडा बहुत शीघ्र देश का सबसे अग्रणी शहर होगा और उस शहर में एक लाख आईटी0 शिक्षा में सुयोग्य युवाओं को रोजगार मिलेगा।

माननीय सदस्यगण, हथकरघा उद्योग प्रदेश में सर्वाधिक रोजगार उपलब्ध कराने वाला विकेन्द्रीकृत कुटीर उद्योग है। उत्तर प्रदेश में लगभग 6.64 लाख बुनकर और 2.24 लाख करघे लगे हुए हैं। वित्तीय वर्ष 2006-07 में मेरी सरकार ने 25 हजार बुनकरों को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा था, जिसके विपरीत दिसम्बर, 2006 तक मेरी सरकार 15,322 बुनकरों को रोजगार मुहैय्या करा चुकी है। सरकार बुनकरों को वर्तमान में थ्रिफ्ट फण्ड योजना, स्वास्थ्य बीमा योजना और महात्मा गांधी बुनकर बीमा योजना के अन्तर्गत लाभान्वित कर रही है। मेरी सरकार ने बुनकरों के लिए फ्लैट रेट पर बिजली के बिलों के भुगतान की नई व्यवस्था करते हुए उन्हें रियायती बिजली पासबुकें वितरित की हैं, जिससे तीन लाख से ज्यादा बुनकर परिवार लाभान्वित हुए हैं। माननीय सदस्यगण, मेरी सरकार

ने हथकरघा बुनकरों, सहकारी समितियों एवं छीपी बुनकरों को दिये गये ऋणों पर 50 प्रतिशत ब्याज माफ कर दिया है।

परिवहन

मा0 सदस्यगण, मेरी सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को घाटे से उभरकर पहली बार पूरी तरह से लाभप्रद बनाया गया और आज इसका शुद्ध लाभ 39 करोड़ रु0 की अर्जित सीमा को भी पार कर चुका है। प्रदेश के परिवहन बेड़े में 743 नई बसें सम्मिलित की गई हैं। प्रदेश के विभिन्न शहरों में शताब्दी बस सेवायें भी शुरू की गईं। इस वर्ष परिवहन निगम ने लखनऊ, कानपुर, इलाहाबाद व आगरा में नगरीय बस सेवाएं प्रारम्भ की हैं। दिनांक 1 मार्च से कम किराये वाली वातानुकूलित शताब्दी बस सेवा भी प्रारम्भ की जा रही है। तीन महानगरों-लखनऊ, कानपुर व आगरा में सी0एन0जी0 बसें भी चलायी गई हैं। परिवहन विभाग द्वारा जनता की सुविधाओं की दृष्टि से इस वर्ष 39 जिला कार्यालयों का कम्प्यूटरीकरण पूर्ण कर लिया जायेगा।

नगर विकास

आधुनिक नगर विकास के क्षेत्र में भी मेरी सरकार ने अनेक कीर्तिमान बनाये हैं। प्रदेश में लखनऊ, कानपुर, आगरा, मेरठ, इलाहाबाद एवं वाराणसी 6 शहरों को मेट्रो सिटी का दर्जा दिया गया है। मा0 सदस्यगण, आपको यह जानकर भी खुशी होगी कि उत्तर प्रदेश इस मामले में देश का पहला राज्य है, जहां एक साथ 6 नगरों को मेट्रो सिटी का दर्जा मिला है।

प्रदेश के नगरीय निकायों के निर्वाचन को निष्पक्षतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराया गया है तथा वर्तमान में सभी नगरीय निकायों के नवगठित बोर्ड अपने कर्तव्यों का निर्वहन सम्यक् रूप से कर रहे हैं। नगरीय निकायों को राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अनुसार रु0 1366 करोड़ की धनराशि आवंटित की गयी है। इसके अतिरिक्त अवस्थापना सुविधाओं के विकास, विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण हेतु इस वर्ष 190 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई गई है।

नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल हेतु 71 नये नलकूप, 15433 नये हैण्डपम्प तथा 3950 हैण्डपम्पों के रिबोर के साथ ही 29 अवर जलाशय का निर्माण कराया गया है एवं 447 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाई गई है। प्रदेश की नदियों-गंगा, यमुना एवं गोमती को प्रदूषण मुक्त किये जाने हेतु 49 करोड़ रु0 की धनराशि इस वर्ष स्वीकृत की गयी है।

धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण विश्व के सबसे बड़े अर्द्धकुंभ मेले हेतु सभी आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं की व्यवस्था की गयी है। इस कार्य के लिए 169 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। गरीबों एवं निर्बल वर्ग के कल्याण हेतु तहबाजारी समाप्त करके पटरी दुकानदारों के लिए फेरी नीति बनायी गयी है। मलिन बस्तियों में रहने वाले 8.29 लाख व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया है। शहरी निर्धनों को स्वरोजगार हेतु 10570 व्यक्तियों को ऋण एवं अनुदान उपलब्ध कराया गया है और 27250 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिलाया गया है। व्यक्तिगत दुर्घटना एवं

निजी रिक्शा क्षति पूर्ति की निःशुल्क बीमा योजना प्रारम्भ करके 2.35 लाख रिक्शा चालकों को लाभान्वित किया गया है।

मेरी सरकार द्वारा आवासिक क्षेत्र में निजी पूंजी निवेश के माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अत्याधुनिक सुविधाओं युक्त नये टाउनशिप के विकास हेतु 'हाइटेक टाउनशिप' विकास नीति घोषित की गयी है। इसके अन्तर्गत 1500-1500 एकड़ भूमि पर न्यूनतम् 1000 करोड़ रु0 निवेश होगा। लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, आगरा, गाजियाबाद, मथुरा तथा दादरी में कुल 10 टाउनशिप का चयन किया जा चुका है। इनके विकास के फलस्वरूप आगामी 5-7 वर्षों में लगभग 10000 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश आकर्षित होगा तथा कुल 2.40 लाख आवासीय इकाइयों का सृजन होगा। छोटे एवं मध्यम आकार के नगरों में निजी पूंजी निवेश के माध्यम से 25 एकड़ से 500 एकड़ भूमि में नगर विकसित होंगे। इस नीति के तहत अब तक 67 विकासकर्ताओं का पंजीकरण हो चुका है और 15 लाइसेन्स जारी किये जा चुके हैं।

अल्पसंख्यक कल्याण

मा0 सदस्यगण, उर्दू शिक्षा और शिक्षकों के लिए भी मेरी सरकार ने अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। उर्दू प्रवीणतायुक्त सहायक शिक्षकों हेतु दो वर्षीय बी0टी0सी0 उर्दू विशेष प्रशिक्षण के लिए 6388 अभ्यर्थियों का चयन किया जा चुका है तथा 5000 अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही गतिमान है। प्रशिक्षण उपरान्त इन अभ्यर्थियों को प्राथमिक विद्यालयों में उर्दू माध्यम से पढ़ाने हेतु सहायक अध्यापक के रूप में नियुक्त किया जायेगा।

आपको यह जानकर भी प्रसन्नता होगी कि इतिहास में पहली बार उत्तर प्रदेश में 67 मदरसे अनुदान सूची में लिये गये जिससे 1005 अध्यापक तथा कर्मचारीगण को रोजगार मिला। 100 मदरसों को अनुदान सूची पर लिया जा रहा है। साथ ही मेरी सरकार द्वारा 190 मदरसों में निःशुल्क कम्प्यूटर लगाये गये, जिनसे मदरसों की शिक्षा का स्तर बढ़ा है। मदरसा आधुनिकीकरण योजना में मेरी सरकार ने 683 मदरसों को लाभान्वित करने हेतु 4.92 करोड रु0 की धनराशि व्यय की है। सरकार ने विशेष प्रयास करके 1869 मदरसों में शिक्षकों के मानदेय हेतु 13.62 करोड़ रु0 की व्यवस्था की है। साथ ही मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में 11 बालिका इण्टर कालेज तथा 11 बालिका छात्रावासों का निर्माण तेजी से चल रहा है।

मा0 सदस्यगण, मेरी सरकार द्वारा विगत लगभग साढ़े तीन साल में अल्पसंख्यकों की 122 शिक्षण संस्थाओं को अल्पसंख्यक संस्था का दर्जा दिया गया तथा प्रदेश में फौकानिया स्तर तक मान्यता प्राप्त 140 मदरसों में मिनी आई0टी0आई0 भी खोले जा चुके हैं। मेरी सरकार इस योजना का विस्तार करते हुए अतिरिक्त 160 मदरसों में भी इसी तरह की मिनी आई0टी0आई0 खोलने जा रही है।

अल्पसंख्यकों को शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए मदरसों में निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों एवं सरकारी सेवाओं में चयन हेतु कोचिंग संस्थान स्थापित किये गये हैं। मेरी सरकार ने सरकारी नौकरियों में अल्पसंख्यकों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा उनकी शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए सुझाव देने हेतु एक आयोग का गठन भी किया है।

अल्पसंख्यकों के कल्याण के इन निर्णयों के अलावा मेरी सरकार द्वारा हज यात्रियों की सुविधा हेतु नोयडा व लखनऊ में हज हाउस स्थापित किये जा रहे हैं। साथ ही अल्पसंख्यकों द्वारा संचालित आधुनिकतम उच्च शिक्षा केन्द्रों के रूप में इन्टीग्रल विश्वविद्यालय तथा मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय स्थापित करने की भी कार्यवाही की गयी है, जिसका पूरे विश्व में स्वागत किया गया है।

व्यापारी हित

मा0 सदस्यगण, आप अवगत ही हैं कि जनभावनाओं को देखते हुए मेरी सरकार ने व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश में वैट लागू नहीं किया, जबकि एक या दो राज्यों को छोड़कर सारे देश में वैट लागू हो चुका है। इसके बावजूद मेरी सरकार ने तीन वर्ष में बिना वैट लगाये ही व्यापार कर प्राप्ति में 72 प्रतिशत वृद्धि करके एक राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया। मेरी सरकार ने व्यापारियों के उत्पीड़न पर प्रभावी अंकुश लगाया है। आप जानते ही हैं कि उत्तर प्रदेश में सुसंगत नियमों के तहत पंजीकृत प्रत्येक व्यापारी की दुर्घटना की स्थिति में मेरी सरकार द्वारा चार लाख रु0 के बीमे की व्यवस्था भी की गई है। सरकार ने व्यापारियों के व्यवसाय के पंजीकरण हेतु 15 हजार रु0 की जमानत देने की शर्त को समाप्त कर दिया है। कई वस्तुओं में व्यापारियों की सुविधा के लिए पहली बार समाधान योजना लागू किया गया है।

अधिवक्ता हित

मा0 सदस्यगण, मेरी सरकार द्वारा जनपद की दीवानी न्यायालय तथा कलक्ट्रेट एवं मण्डल पर मण्डल पर अधिवक्तागण हेतु चैम्बर्स का निर्माण कराया गया हैं तहसील स्तर एवं वाह्य न्यायालय पर अधिवक्तागण एवं वादकारियों के बैठने हेतु अधिवक्ता हाल का निर्माण कराया गया तथा वकीलों के लिए पुस्तकालय एवं वाचनालय के लिए धनराशि की व्यवस्था की गयी है और अधिवक्ता कल्याण कोष की भी व्यवस्था की गयी है।

मेरी सरकार ने उत्कृष्ट विधि शिक्षा हेतु लखनऊ में राष्ट्रीय स्तर के डा0 राममनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय की स्थापना करायी है। प्रदेश, न्यायिक अधिकारियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए शेट्टी कमीशन की सिफारिशों को लागू करने के मामले में देश का पहला राज्य है।

अधीनस्थ न्यायालयों के समक्ष शासन द्वारा आबद्ध किये गये शासकीय अधिवक्ताओं की रिटेनरशिप, ड्राफ्टिंग, बहस एवं पुस्तकालय तथा स्टेशनरी भत्ता की दरों में वृद्धि की गयी है। प्रत्येक जनपद में अधीनस्थ न्यायालयों के समक्ष शासन का पक्ष प्रस्तुत करने हेतु शासकीय अधिवक्ताओं को

एक कम्प्यूटर दिये जाने का निर्णय लिया गया है। मा0 उच्च न्यायालय के मा0 न्यायमूर्तिगण के शासकीय आवासों के लिए एक-एक अतिरिक्त कम्प्यूटर दिये गये हैं। मा0 उच्चतम् न्यायालय एवं मा0 उच्च न्यायालय के मा0 न्यायमूर्तिगण के ठहरने हेतु जनपद न्यायालय परिसर मथुरा में निर्मित अतिथिगृह की साज-सज्जा हेतु उच्च विशिष्टियों के लिए धनराशि स्वीकृत की गयी है।

लोकतन्त्र का सम्मान

मा0 सदस्यगण, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को वर्तमान में रु0 4500 की धनराशि प्रतिमाह पेंशन के रूप में दी जा रही है। मेरी सरकार द्वारा सत्याग्रह आन्दोलन के 100 वर्ष पूरे होने पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके आश्रितों को मिलने वाली पेंशन की धनराशि में रु0 500 प्रतिमाह की वृद्धि की गई है। दिवंगत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को अन्तिम संस्कार हेतु दिये जा रहे रु0 2000 शासकीय अनुदान को बढ़ाकर रु0 5000 किया गया है। मेरी सरकार द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को एक सहचर सहित पूरे प्रदेश में रोडवेज की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा अनुमन्य कराई गई है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के दिवंगत होने पर उनकी विधवाओं को भी निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

प्रदेश के वृद्ध एवं निराश्रित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को आवासीय एवं भोजन की सुविधा प्रदान किये जाने हेतु लखनऊ तथा मथुरा में सेवा सदन स्थापित है। आपातकालीन अवधि में मीसा/डी0आई0आर0 में निरुद्ध प्रदेश के राजनैतिक बन्दियों को रु0 500 प्रतिमाह की दर से अनुमन्य कराई गई है। उक्त राजनैतिक बन्दियों को लोकतंत्र सम्मान पत्र से सम्मानित किये जाने के साथ ही एक संयोगी सहित रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा एवं राज्य के चिकित्सालयों में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा अनुमन्य कराई गई है।

महिला कल्याण

मेरी सरकार ने महिलाओं के विकास और उनकी खुशहाली के लिए उत्तर प्रदेश महिला नीति की घोषणा की है और बाल एवं महिला विकास के कार्यक्रमों को सभी जिलों में लागू किया गया है। मेरी सरकार ने सभी वर्गों के पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित पात्र महिलाओं को पेंशन देने की व्यवस्था भी की है और समाज के गरीब तबके की महिलाओं को 250 करोड़ रु0 की धनराशि से दो-दो साड़ी देने की योजना भी बनायी है, जिसे जल्दी ही मूर्तरूप दिया जायेगा।

मा0 सदस्यगण, आप जानते ही हैं कि मेरी सरकार से पहले गरीब कन्याओं के विवाह के लिए अनुदान की व्यवस्था कुछ जातियों तक ही सीमित थी, परन्तु अब उत्तर प्रदेश में सभी जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर/गरीब परिवारों की अधिकतम् दो कन्याओं की शादी के लिए 10 हजार रु0 प्रत्येक कन्या के लिए अनुदान की व्यवस्था की गयी है।

बाल विकास एवं पुष्टाहार योजना के अन्तर्गत पहले से स्थापित 1,25000 आंगनबाड़ी केन्द्रों के अतिरिक्त 13,170 केन्द्र और स्थापित किये जा रहे हैं। सरकार ने 6 माह से 6 वर्ष तक के सभी बच्चों के साथ ही साथ सभी गर्भवती/धानी महिलाओं को पोषाहार उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण कदम उठाया है ? जिसके फलस्वरूप लाभार्थियों की संख्या एक करोड़ से बढ़कर 2.30 करोड़ होने जा रही है।

पेन्शन योजना

मा0 सदस्यगण मेरी सरकार ने वृद्धावस्था और किसान पेंशन के अन्तर्गत शत-प्रतिशत लाभार्थि-.. को लाभान्वित करने का निर्णय लिया है। किसान और वृद्धावस्था पेंशन का दायरा 12 लाख लाभार्थियों से बढ़ाकर लगभग 20 लाख कर दिया है तथा इसी तरह विधवा एवं विकलांग पेंशन के लाभार्थियों की संख्या में भी अभूतपूर्व वृद्धि की गयी। प्रत्येक प्रकार की पेंशन की मासिक धनराशि 125 रुपये से बढ़ाकर 150 रुपये प्रतिमाह कर दी गयी है। गरीबी की रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवारों के कमाऊ सदस्य की मृत्यु पर राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रभावित परिवार को देय राशि 10 हजार रुपये को मेरी सरकार ने बढ़ाकर 20 हजार रुपये कर दिया है।

आरक्षित वर्ग के अतिरिक्त अन्य वर्गों (सामान्य वर्ग) एवं पिछड़े वर्ग के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की पुत्रियों की शादी एवं इलाज हेतु भी आर्थिक सहायता अनुमन्य कर दी गयी है।

आरक्षित वर्ग के अतिरिक्त अन्य वर्गों (सामान्य वर्ग) के निर्धन अभिभावकों के आश्रित छात्रों को शिक्षा सत्र 2006-07 से अनुसूचित जाति की भांति उन्हीं शर्तों एवं दरों पर दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं अनिवार्य नान रिफण्डेबुल प्रवेश शुल्क प्रतिपूर्ति की सुविधा हेतु भी अनुमन्यता की गई है।

चालू वित्तीय वर्ष में सामान्य वर्ग के निर्धन छात्र/छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उत्कृष्ट श्रेणी के कोचिंग सेन्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिये जाने की योजना प्रारम्भ की गयी है।

अनुसूचित जाति एवं जन-जातियों के लिए संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में सामाजिक समरसता, बच्चों के सर्वांगीण विकास, राष्ट्रीय भावना एवं पारस्परिक सौहार्द्य की दृष्टि से पिछड़ा वर्ग तथा अन्य वर्ग के निर्धन बच्चों को भी प्रवेश दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

श्रम

मा0 सदस्यगण, मेरी सरकार ने सेवायोजकों और श्रमिकों के बीच बेहतर माहौल बनाने के साथ ही श्रमिकों के हितों का भरपूर संरक्षण किया है। यही कारण है कि मेरी सरकार के कार्यकाल में पूरे प्रदेश में कहीं बड़े पैमाने पर हड़ताल, तालाबन्दी और कोई महत्वपूर्ण श्रमिक आन्दोलन होने की घटना नहीं हुई। मेरी सरकार ने फरवरी, 2006 में ही कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रेणी के श्रमिकों

की न्यूनतम मजदूरी क्रमशः 3290 रु0, 2964 रु0 और 2600 रु0 प्रतिमाह पुनरीक्षित की, जिससे 10 लाख से अधिक श्रमिकों को फायदा पहुंचा। असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के हित लाभ एवं स्वास्थ्य रक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करायी गयी।

वित्तीय अनुशासन

मा0 सदस्यगण, पिछले तीन वर्षों में न केवल अतिरिक्त वित्तीय संसाधन जुटाये गये, वरन् उनकी समय से व्यय की व्यवस्था भी की गई। वर्ष 2002-03 में योजना का आकार मात्र रु0 7250 करोड़ था और केवल रु0 6618 करोड़ का ही व्यय संभव हो सका था। वर्ष 2005-06 में योजना आकार बढ़ कर रु0 13500 करोड़ हुआ और लगभग दो दशक के बाद प्रदेश पूरी धनराशि जुटाने तथा रु0 13638.57 करोड़ समय से व्यय करने में भी सफल हो सका। वर्ष 2006-07 में योजना का आकार रु0 19000 करोड़ है और दिसम्बर माह तक रु0 12081.35 करोड का व्यय किया जा चुका है, जो लगभग 64 प्रतिशत है। गत वित्तीय वर्ष में इस अवधि में रु0 7174 करोड़ का व्यय किया जा सका था।

वर्ष 2004-05 में पूंजीगत परिव्यय 5653 करोड़ रु0 था जो वर्ष 2005-06 में बढ़कर 8711 करोड़ रुपये हो गया। वर्ष 2006-07 में पूंजीगत परिव्यय बढ़कर 14093 करोड़ रु0 अनुमानित है।

विगत तीन वर्षों से न केवल समय से वार्षिक योजना का निर्धारण किया जा रहा है वरन् वार्षिक बजट भी वित्तीय वर्ष से पूर्व स्वीकृत कराया जा रहा है। वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में ही वित्तीय स्वीकृतियां जारी हो रही हैं इस तरह वित्तीय अनुशासन कायम किया गया है। दसवीं पंचवर्षीय योजना में प्रदेश लगभग 6 प्रतिशत की विकास दर रहने का अनुमान है, जो नवीं पंचवर्षीय योजना से तीन गुना अधिक है।

प्रदेश के कर राजस्व की वसूली अत्यन्त उत्साहवर्द्धक है। वर्ष 2004-05 कर राजस्व में 18 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 16,051 करोड़ रु0 की धनराशि का राजस्व संग्रह किया गया था। वर्ष 2005-06 में 19,420 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया गया जो विगत वर्ष की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2006-07 दिसम्बर माह तक 16,679 करोड़ रु0 का कर राजस्व प्राप्त कर लिया गया है जो गत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राजस्व से 27.8 प्रतिशत अधिक है।

मेरी सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2006-07 में ही राजस्व घाटा समाप्त कर राजस्व बचत होने का अनुमान लगाया गया है जबकि उत्तर प्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबन्ध अधिनियम 2004 के प्राविधानों के अनुसार वर्ष 2008-09 तक राजस्व घाटा शून्य करना था। इस प्रकार राजस्व घाटा लक्ष्य से दो वर्ष पूर्व ही समाप्त हो रहा है। राजकोषीय घाटा वर्ष 2004-05 में 12,998 करोड़ रुपये था, जो सकल घरेलू उत्पाद का 5.5 प्रतिशत होता है। वर्ष 2005-06 में राजकोषीय घाटा 3.9 प्रतिशत आ गया है और 2006-07 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 3.8 प्रतिशत होने का अनुमान है।

मा0 सदस्यगण, मेरी सरकार ने अपने अब तक के कार्यकाल में सामान्य वार्षिक बजट भी, वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले ही सफलतापूर्वक पास कराया। निर्वाचन वर्ष को देखते हुए मेरी सरकार ने विधान सभा चुनावों से पहले राजकीय कार्य-संचालन के लिए समय से लेखा अनुदान भी पारित करा लिया है। इस महत्वपूर्ण कार्य में आप सभी का सहयोग सराहनीय रहा।

मेरी सरकार के विकास कार्यक्रमों की विश्व बैंक समेत केन्द्रीय योजना आयोग एवं देश की विभिन्न राज्य सरकारों ने सराहना भी की है। दिल्ली में मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन में इस प्रदेश फास्टेस्ट मूवर की संज्ञा से विभूषित करते हुए महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा एवं निवेश के क्षेत्र में बेहतर वातावरण सृजन के लिए आपके मुख्य मंत्री को सम्मानित किया गया।

मा0 सदस्यगण, जनतांत्रिक व्यवस्था में आम जनता की समस्याओं और शिकायतों की सुनवाई और उनके त्वरित निराकरण के लिए मेरी सरकार पूर्णतः कटिबद्ध है। सरकार ने शासन के विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों को दी जाने वाली सुविधाओं को प्रभावी ढंग से संवेदनशीलतापूर्वक निर्धारित समय-सीमा में उन्हें प्रदान करने के उद्देश्य से प्रत्येक विभाग में नागरिक चार्टर लागू कराने के निर्देश दिये हैं जिसके अन्तर्गत 54 विभागों के नागरिक चार्टर बन चुके हैं और इनमें से अधिकांश विभागीय वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उत्तर प्रदेश में मेरी सरकार ने मानवाधिकार आयोग के भवन की स्थापना के लिए अपने स्तर पर ही प्रयास किया है। पूरे प्रदेश में सूचना का अधिकार अधिनियम को लागू करने के साथ ही मुख्य सूचना आयुक्त व सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की जा चुकी है।

मा0 सदस्यगण, विधान मण्डल की इस बैठक में आप प्रदेश की कुछ ज्वलन्त समस्याओं पर विचार करेंगे। परम्परागत रूप में सरकार द्वारा प्रस्तुत कुछ आवश्यक विधेयकों पर चर्चा करके उन्हें पारित किया जायेगा। गैर सरकारी माननीय सदस्यों द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्तावों व लोक महत्व के विषयों पर चर्चा होगी।

माननीय सदस्यगण, मुझे विश्वास है कि प्रदेश की आम जनता के हित में आप सभी माननीय सदस्यगण मेरी सरकार का सहयोग कर सभी जनहित के प्रश्नों का, दलीय निष्ठाओं से ऊपर उठकर समाधान निकालेंगे और मेरी सरकार द्वारा इस देश के महानतम राज्य उत्तर प्रदेश को उत्तम और आदर्श प्रदेश बनाने के भगीरथ प्रयास में अपनी अपनी भूमिका का निर्वाह करेंगे। आज मेरी सरकार ने निरन्तर जनकल्याण के क्षेत्र में समर्पित सेवाभाव और सुविचारित नीतियों से उत्तर प्रदेश को एक ऐसी मंजिल पर पहुंचा दिया है, जहां से विकास और खुशहाली के तमाम रास्ते प्रशस्त होते हैं। मेरी अपेक्षा है कि प्रदेश को उत्तम ही नहीं सर्वोत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में मेरी सरकार द्वारा ही जा रही निष्ठावान प्रयासों को आपका भरपूर सहयोग मिलेगा। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ मैं आप सबके स्वस्थ और सफल जीवन की कामना करते हुए आप सभी का धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे अपने बीच आने और मेरी सरकार के कार्य-कलाप प्रस्तुत करने का मौका दिया।]

जय हिन्द !

(सत्ता पक्ष की ओर से मेजों की थपथपाहट)

(मद संख्या-3 पुकारे जाने पर)

बसपा के सदस्यों द्वारा श्री राज्यपाल के अभिभाषण की प्रति फाड़े जाने की संसदीय कार्य मंत्री द्वारा निन्दा

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

बहुजन समाज पार्टी के सदस्यों ने बर्हिगमन किया बसपा के सदस्यों द्वारा श्री राज्यपाल के अभिभाषण की प्रति फाड़े जाने की संसदीय कार्य मंत्री द्वारा निन्दा है। महामहिम राज्यपाल पधारे सदन में और मिला हुआ सेशन था। यह विरोध महामहिम के सामने होना चाहिये था। महामहिम की गैरमौजूदगी में अभिभाषण का फाड़ा जाना बेमानी सी बात है हम इसकी निन्दा करना चाहते हैं और इसलिये भी निन्दा करना चाहते हैं कि लोकतंत्र में लोगों को अपना विरोध जताने का पूरा अधिकार है। बहुत से मामलात पर हमारा विरोध राजीतिक दलों से भी रहता है, केन्द्रीय सरकार से भी रहता है, औरों से भी रहता है लेकिन हर चीज के विरोध का अपना एक समय होता है, क्या हम इसका यह मतलब निकाल सकते हैं माननीय अध्यक्ष महोदय जी, कि जब महामहिम सदन में मौजूद थे या तो बहुजन समाज पार्टी की उस वक्त विरोध करने की हिम्मत नहीं हुयी या कोई ऐसा समझौता था जिसके तहत ऐसा नहीं किया गया, दोनों सूरतों में यह तरीका लोकतंत्र को न सिर्फ बदनाम करने वाला है बल्कि कमजोर करने वाला भी है। लिहाजा हमारा यह दायित्व होता है सरकार में रहते हुये भी और सदन का एक सदस्य होते हुए भी कि ऐसे मौके पर, जब इसका कोई मौका न हो, इस तरह का विरोध करने की निन्दा की जाय।

श्री राज्यपाल के अभिभाषण के सम्बन्ध में व्यवस्था का प्रश्न

*जगदम्बिका पाल-

मान्यवर, संसदीय कार्य मंत्री जी ने जो बात कही है कदाचित् वह बात कुछ हद तक ठीक है कि महामहिम राज्यपाल के द्वारा अगर कोई अभिभाषण रखा गया है।

(विपक्ष के कई सदस्यों के बोलने से व्यवधान)

श्री अध्यक्ष-

माननीय सदस्य कृपया शान्त रहें।

श्री जगदम्बिका पाल-

मान्यवर, आपने व्यवस्था के प्रश्न को उठाने का मौका दिया है, कृपया सुन लें। अध्यक्ष महोदय, महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के बाद जब महामहिम के द्वारा प्रस्तुत किये गये भाषण को आप फिर से पढ़ते हैं तो उस समय व्यवस्था का प्रश्न या आपत्तियां उठायी जाती हैं। मान्यवर, आपने

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

मुझे व्यवस्था का प्रश्न उठाने की अनुमति दी इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। आपने स्वयं देखा कि जिस समय श्री राज्यपाल आये और उन्होंने जो अभिभाषण प्रस्तुत किया, अभिभाषण प्रस्तुत करते समय सदन में इस तरह का शोरगुल था कि वह किसी के द्वारा सुना नहीं गया। मान्यवर, इस सदन की परम्परा रही है और आप जानते हैं कि अगर श्री राज्यपाल का अभिभाषण प्रस्तुत नहीं होगा तो उसको फिर से सदन के सामने आप प्रस्तुत करेंगे तो वह कदाचित सरकार की नीतियां नहीं होंगी। मान्यवर, हमारा व्यवस्था का प्रश्न है कि जब श्री राज्यपाल के द्वारा अभिभाषण प्रस्तुत ही नहीं हुआ तो पीठ से उस सरकार की नीतियों को फिर आप पढ़ते हैं। मान्यवर, इसमें आप यह व्यवस्था करायें कि कम से कम श्री राज्यपाल के द्वारा वह अभिभाषण प्रस्तुत किया जाए क्योंकि आपने मान्यवर, देखा कि वह आये और चले गये, इस पर आप कृपापूर्वक व्यवस्था दे दें, आप जो भी व्यवस्था दे देंगे हमारी पार्टी उसे स्वीकार करेगी लेकिन मान्यवर, श्री राज्यपाल के अभिभाषण का जो दस्तावेज था, उसकी अगर वह पहली लाइन भी पढ़ते या आखिरी लाइन पढ़ते तो कुछ वक्त जरूर लगता। मान्यवर, यह महत्वपूर्ण व्यवस्था का प्रश्न है कि राज्यपाल का अभिभाषण प्रस्तुत नहीं माना जाएगा इसलिए आप फिर से कोई समय मुकर्रर कर दें।

श्री अध्यक्ष-

आपकी बात आ गई, आप जो कहना चाहते थे आपकी पूरी बात आ गई, आप कृपया बैठ जाएं।

* श्री हुकुम सिंह-

मान्यवर, मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि लोकतंत्र में इससे पहले भी ऐसा होता रहा है कि विपक्षी दल अपनी नीतियों के अनुरूप श्री राज्यपाल जी के अभिभाषण का विरोध करते रहे हैं, यह कोई पहली बार नहीं हुआ है। लेकिन यह घटना पहली बार हुई जो पहले कभी नहीं हुई। मान्यवर, जब सदन में शोर होता है तो महामहिम राज्यपाल महोदय अभिभाषण की पहली पंक्ति पढ़ देते हैं और अन्तिम लाइन पढ़ देते हैं और अभिभाषण को पढ़ा हुआ मान लिया जाता है। मान्यवर, पिछले कुछ समय में ऐसी परिस्थितियां चल रही थीं, सरकार और महामहिम राज्यपाल के बीच में भारी तनाव चल रहा था, इन परिस्थितियों में मुझे पूरा विश्वास था कि श्री राज्यपाल इस अभिभाषण को नहीं पढ़ेंगे और अपनी बात कहना चाहेंगे और मान्यवर, उसी के अनुरूप उन्होंने इस अभिभाषण को पढ़ा ही नहीं, वह इसे पढ़ना ही नहीं चाहते थे। महामहिम राज्यपाल सदन में आये तो अपनी आत्मा की आवाज के अनुसार उन्होंने इसे देखा और सोचा कि मैं इसे कैसे पढ़ूं। इससे पहले वह बार-बार आलोचना कर चुके थे कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, बार-बार कह चुके थे कि यहां सारा का सारा पुलिस प्रशासन जातीयता के आधार पर, पक्षपात के आधार पर चल रहा है।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

श्री अध्यक्ष-

कृपया समाप्त करें, ऐसा नहीं है, मैं इस पर अपनी व्यवस्था दे दूं।

श्री हुकुम सिंह-

मान्यवर, यह पहला मौका है, जब किसी राज्यपाल ने सरकार के अभिभाषण को नहीं पढ़ा। वह सबके सामने आये और अभिभाषण का एक पेज भी नहीं पलटा, उसे देखा भी नहीं और रख करके चले गये, मान्यवर, वह इतनी वेदना में थे कि उन्होंने इस अभिभाषण को खोलना तक मुनासिब नहीं समझा। इसलिए मान्यवर, यह अभिभाषण कार्यवाही का हिस्सा नहीं बनना चाहिए।

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, महामहिम राज्यपाल को यह अभिभाषण पहले ही मिल जाता है जाहिर है कि वही इसे तैयार करते हैं, स्वीकार करते हैं जो चीज उन्हें नापसन्द हो, उसे कम करते हैं जो बात उनकी जानकारी में न हो या गलत लिख दी गई हो, उसे वह कम करते हैं और उसी सहमति के साथ महामहिम सदन में पधारते हैं तो आये ही इसलिए थे, उसे पढ़कर, खुद तैयार किये हुए सरकार की नीतियों को ले करके सदन में आये थे और उन्होंने अभिभाषण के पहले पृष्ठ की पहली पंक्ति पढ़ी और अभिभाषण के पन्ने पलटकर देखा है तथा आखिरी पंक्ति पढ़ी है। महामहिम के लिए जो आये ही इस काम के लिए थे, उसी उद्देश्य को लेकरके सदन में पधारे थे, यह कहना कि उनकी जमीर ने इस बात के लिए गंवारा नहीं किया और इसलिए नहीं पढ़ा, यह महामहिम जैसे उच्च पद पर बैठे किसी व्यक्ति के लिए बहुत सम्मानजनक बात नहीं है और कहना भी सम्मानजनक नहीं है। क्योंकि महामहिम आये ही इस उद्देश्य से थे और उन्होंने उसे पूरा किया। कई बार ऐसा रहा है कि महामहिम ने पहले पृष्ठ की पहली पंक्ति व आखिरी पंक्ति पढ़ी है। यह जरूर है कि जिनकी समझ थोड़ी कम है या थोड़ा ऊंचा सुनते हैं वह नहीं सुन पाये होंगे वरना महामहिम जी जो बोले, वह हम सभी सुनें।

श्री केशरी नाथ त्रिपाठी-

माननीय अध्यक्ष महोदय, यद्यपि हमारा कहना है कि महामहिम राज्यपाल जी ने अपना अभिभाषण नहीं पढ़ा। माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी का कहना है कि उन्होंने एक लाइन पढ़ी थी। अगर आप देखें तो उनके अभिभाषण की पहली लाइन में केवल स्वागत किया है और कुछ नहीं कहा है, केवल स्वागत कर लिया है। उन्होंने यह कहा है कि "उत्तर प्रदेश के वर्ष 2007 के विधान मण्डल के एक साथ समवेत दोनों सदनों के प्रथम सत्र के लिए आहूत इस अधिवेशन में नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ आप सभी का हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन करता हूं।" यह अभिभाषण नहीं हुआ, यह तो केवल स्वागत कर लिया और अंत में शुभकामनायें दे दी। उन्होंने सरकार की क्रिया-कलाप के बारे में कुछ नहीं कहा है।

श्री अध्यक्ष-

माननीय पाल साहब, हुकुम सिंह, संसदीय कार्य मंत्री जी व श्री केशरी नाथ त्रिपाठी जी जो सुना। त्रिपाठी जी खुद यहां रहे हैं।

श्री मोहम्मद आजम खां-

मान्यवर, दो जिम्मेदार व्यक्तियों ने दो बातें कही हैं, मा0 हुकुम सिंह जी और केशरी नाथ त्रिपाठी जी का यह कहना है कि अभिभाषण नहीं पढ़ा है। अगर आपकी बात मान लें कि केवल स्वागत किया और कुछ नहीं किया तो एक बात उनकी मानी जो कमजोर थी एक बात हमारी मानी, जो पहली पंक्ति थी वह भी सत्तादल की थी, इसे पूरी पंक्ति मान लें और कितना शुभ संकेत है कि महामहिम के पढ़े हुए स्वागत को श्री केशरी नाथ त्रिपाठी जी ने तस्दीक कर दिया, यह हमारे लिए सुखद है।

*श्री सतीश महाना-

महामहिम जी ने जो अभिभाषण प्रस्तुत किया है उसकी प्रति जो हमें विधान सभा सचिवालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी है उसके पहले पन्ने के ऊपर कुछ लिखा ही नहीं है। यह मैं आपके सामने प्रस्तुत कर रहा हूं। यह खाली पेज है। इससे स्पष्ट होता है कि महामहिम जी ने अभिभाषण पढ़ा ही नहीं है। यह मैं आपके पास भेज रहा हूं।

श्री मोहम्मद आजम खां-

मान्यवर, असल में कुछ लोग सावन में अपनी आंखें खो देते हैं।

श्री अध्यक्ष-

यह कोई बहस का मुद्दा नहीं है। मा0 संसदीय कार्य मंत्री जी आसन ग्रहण करिये। इसके पूर्व में भी इस प्रकार की परम्परायें रही हैं, महामहिम राज्यपाल जी आते रहे हैं और अभिभाषण की पहली लाइन व अन्तिम लाइन पढ़ते थे और इसे पढ़ा हुआ माना जाना चाहिए। माननीय त्रिपाठी जी कई बार इस प्रकार का फैसला आया होगा कि यह पढ़ा हुआ माना जाए और इसे पढ़ा हुआ माना जाता है।

श्री मोहम्मद आजम खां-

अध्यक्ष जी, इनका विरोध दूसरा है। पढ़े नहीं पढ़े-का विरोध नहीं है उनका विरोध यह है कि उनको लिखा हुआ नहीं भेजा गया। सही है, उन्हें ऐसा ही भेजना था।

(मद संख्या-3 पुकारे जाने पर)

विगत सत्र में मंत्रि-मण्डल के सदस्य मा0 हाजी याकूब के सम्बन्ध में डा0 लक्ष्मीकान्त बाजपेयी द्वारा उठाये गये औचित्य के प्रश्न पर श्री अध्यक्ष द्वारा सुरक्षित व्यवस्था की मांग

डा0 लक्ष्मीकान्त बाजपेयी-

मान्यवर, मुझे सुन लें।

श्री अध्यक्ष-

मैंने मद संख्या-3 ले लिया है।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

डा0 लक्ष्मीकान्त बाजपेयी-

मा0 अध्यक्ष जी, इसके पूर्व के सत्र में आपने व्यवस्था सुरक्षित रखी थी नियम 300 के प्रश्न के अन्तर्गत मंत्रि-मण्डल के सदस्य मा0 हाजी याकूब जी के सम्बन्ध में। आपने तारीख 11 को मेरे व्यवस्था के प्रश्न के सम्बन्ध में यह व्यवस्था दी थी कि 15 दिसम्बर को मैं इस व्यवस्था को दूंगा लेकिन अभी तक वह प्रतीक्षित है। आज आप उस पर व्यवस्था दे दें।

श्री अध्यक्ष-

इसी सत्र में आपकी व्यवस्था पर निर्णय आ जायेगा। ज्यादा प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी।

डा0 लक्ष्मीकान्त बाजपेयी-

मान्यवर, कृपा करके तिथि निर्धारित कर दें कि आप 24 तारीख को व्यवस्था अवश्य दे देंगे। 24 तारीख की कार्य सूची में वह आ जाये।

श्री अध्यक्ष-

माननीय बाजपेयी जी आप विद्वान सदस्य हैं। यह कार्य सूची में नहीं लाया जाता है। निर्णय को स्वाभाविक रूप से पढ़कर सुना दिया जाता है। यह सही है कि इसमें काफी विलम्ब हो गया है।

डा0 लक्ष्मीकान्त बाजपेयी-

अनिश्चित काल के स्थगन के पहले निर्णय दे देंगे।

श्री अध्यक्ष-

अनिश्चित कालीन नहीं रहेगा इसी सत्र में निर्णय दे देंगे।

उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2006

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

माननीय अध्यक्ष, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम-149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2006 जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 15 दिसम्बर, 2006 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 15 दिसम्बर, 2006 को वापस प्राप्त हो गया।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2006

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

माननीय अध्यक्ष, मैं आपकी अनुमति से घोषित करता हूं कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2006 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 11 दिसम्बर, 2006 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 11 दिसम्बर, 2006 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 18 दिसम्बर, 2006 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2006 का उत्तर प्रदेश का चालीसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2006

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से घोषित करता हूं कि उत्तर प्रदेश विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2006 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 15 दिसम्बर, 2006 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 15 दिसम्बर, 2006 को वापस प्राप्त हुआ था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 26 दिसम्बर, 2006 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2006 का उत्तर प्रदेश का इक्तालीसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2006

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से घोषित करता हूं कि उत्तर प्रदेश उच्चतर सेवा आयोग (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2006 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 15 दिसम्बर, 2006 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 15 दिसम्बर, 2006 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 26 दिसम्बर, 2006 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2006 का उत्तर प्रदेश का बयालीसवां अधिनियम बन गया।

कार्य-मंत्रणा समिति द्वारा कार्यक्रम निर्धारण की सिफारिश विषय प्रस्ताव

श्री अध्यक्ष-

उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 17 व 18 जनवरी, 2007 की बैठकों में विधान सभा के दिनांक 18 जनवरी, 2007 से 31 जनवरी, 2007 तक के उपवेशनों के कार्यक्रम के सम्बन्ध में निम्नलिखित सिफारिशें की हैं :--

1-दिनांक 19, 20, 22 तथा 31 जनवरी, 2007 को सदन के उपवेशन न हों।

2-दिनांक 24 व 25 जनवरी, 2007 को नियम 56 व 311 के अन्तर्गत सूचनाएं न ली जायं।

3-दिनांक 24 जनवरी, 2007 को निधन के निर्देश अर्थात् निधन की सूचना ली जाय।

4-दिनांक 18 जनवरी, 2007 से दिनांक 31 जनवरी, 2007 तक का कार्यक्रम निम्नवत् रखा जाय :-

जनवरी, 2007

18 गुरुवार **1-11.30 बजे पूर्वाह्न**

राज्य विधान मण्डल के एक साथ समवेत् दोनों सदनों के समक्ष **श्री राज्यपाल का अभिभाषण।**

2-01.00 बजे अपराह्न

(1) श्री राज्यपाल के अभिभाषण का पढ़कर सुनाया जाना।

(2) औपचारिक कार्य, यथा अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों आदि का सदन के पटल पर रखा जाना, विधेयकों का पुरःस्थापन आदि, यदि कोई हों।

19 शुक्रवार 20 शनिवार 21 रविवार 22 सोमवार 23 मंगलवार	बैठक नहीं होगी।
24 बुधवार	1-निधन के निर्देश अर्थात् निधन की सूचना। 2-श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा। 3-विधायी कार्य।
25 गुरुवार	1-श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा (अन्तिम दिन)। 2-विधायी कार्य।
26 शुक्रवार 27 शनिवार 28 रविवार 29 सोमवार 30 मंगलवार 31 बुधवार	बैठक नहीं होगी।

श्री अध्यक्ष-

संसदीय कार्य मंत्री जी प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश से जिसकी सूचना आज श्री अध्यक्ष द्वारा सदन में दी गई है, सहमत है ?

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न है कि यह सदन कार्य-मंत्रणा समिति के सिफारिश विषयक प्रस्ताव से जो संसदीय कार्य मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत किया गया है, सहमत है ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ)

श्री सतीश महाना-

मान्यवर, मेरा एक निवेदन है।...

उत्तर प्रदेश विधान सभा

श्री अध्यक्ष-

महाना जी, आप तो विद्वान सदस्य हैं पढ़े लिखे हैं मंत्री भी रहे हैं आपके विद्वान नेता बैठे हैं आप भी बैठ जायं।

उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (संशोधन) विधेयक, 2007†

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाय ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

श्री मोहम्मद आजम खां-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करता हूं।

उत्तर प्रदेश हाई स्कूल तथा इण्टरमीडिएट कालेज (अध्यापकों तथा अन्य कर्मचारियों के वेतन का भुगतान) (संशोधन) विधेयक, 2007††

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश हाई स्कूल तथा इण्टरमीडिएट कालेज (अध्यापकों तथा अन्य कर्मचारियों के वेतन का भुगतान) (संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश हाई स्कूल तथा इण्टरमीडिएट कालेज (अध्यापकों तथा अन्य कर्मचारियों के वेतन का भुगतान) (संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाय ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

---

† दिनांक 13-2-2007 के असाधारण गजट के विधायी परिशिष्ट में छपा है।

†† दिनांक 13-2-2007 के असाधारण गजट के विधायी परिशिष्ट में छपा है।

श्री मोहम्मद आजम खां-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश हाई स्कूल तथा इण्टरमीडिएट कालेज (अध्यापकों तथा अन्य कर्मचारियों के वेतन का भुगतान) (संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करता हूं।

उत्तर प्रदेश किंग जार्ज दन्त विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2007†

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश किंग जार्ज दन्त विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश किंग जार्ज दन्त विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाय ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

श्री मोहम्मद आजम खां-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश किंग जार्ज दन्त विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करता हूं।

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2007††

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाय ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

श्री मोहम्मद आजम खां-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करता हूं।

---

† दिनांक 13-2-2007 के असाधारण गजट के विधायी परिशिष्ट में छपा है।

†† दिनांक 13-2-2007 के असाधारण गजट के विधायी परिशिष्ट में छपा है।

उत्तर प्रदेश विधान सभा

उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण) (संशोधन) विधेयक, 2007† † †

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण) (संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण) (संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाय ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

श्री मोहम्मद आजम खां-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण) (संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करता हूं।

उत्तर प्रदेश औद्योगिक झगड़ा (संशोधन) विधेयक, 2007††

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश औद्योगिक झगड़ा (संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश औद्योगिक झगड़ा (संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाय ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

डा0 वकार अहमद शाह-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश औद्योगिक झगड़ा (संशोधन) विधेयक, 2007 को पुरःस्थापित करता हूं।

श्री अध्यक्ष द्वारा सभी मंत्रियों/सदस्यों को आज रात्रि भोज हेतु आंमत्रण

श्री अध्यक्ष-

सभी माननीय सदस्यगण से मेरा निवेदन है कि आज मेरे आवास पर मैंने सबको भोज दिया है सबको कार्ड भेजे गये हैं जिसको न मिला हो वो भी आयें। मंत्रि-परिषद् के सभी सदस्य, दलीय नेता और सम्मानित सभी विधायकगण को मैं आमंत्रित करता हूं कि आज शाम को 7.30 बजे मेरे यहां मेरे आवास पर आयें।

---

† † † दिनांक 13-2-2007 के असाधारण गजट के विधायी परिशिष्ट में छपा है।

†† दिनांक 13-2-2007 के असाधारण गजट के विधायी परिशिष्ट में छपा है।

उत्तर प्रदेश विधान सभा

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मैं इसके लिये आपको पहले से धन्यवाद देता हूं और यह जानना चाहता हूं कि केवल भोजन है कि खाना भी है।

श्री अध्यक्ष-

आप हमारा स्वभाव जानते हैं।

श्री मोहम्मद आजम खां-

खाना भी है ?

श्री अध्यक्ष-

अब हम लोग शाकाहारी व्यक्ति हैं।

मोहम्मद आजम खां-

तो ऐसा करिये कि लहसुन और प्याज और कम कर दीजिये उसमें से।

श्री अध्यक्ष-

अच्छा ठीक है। आपके खाने की व्यवस्था की जायेगी।

सभी मंत्रियों/सदस्यों के ग्रुप फोटोग्राफ कराये जाने सम्बन्धी व्यवस्था की सूचना

श्री अध्यक्ष-

माननीय सदस्यों को एक सूचना है कि दिनांक 24 तारीख को आप सभी आयेंगे। आप सबका ग्रुप फोटोग्राफ करवाया जायेगा और विधान भवन के अन्दर का भी। आप सबका ग्रुप फोटोग्राफ करवाया जायेगा और उसकी एक-एक कापी आप सबको फ्री उपलब्ध कराई जायेगी इसलिये निवेदन है कि उस दिन सभी लोग उपस्थित हों।

अब हम उठते हैं 24 जनवरी, 2007 को पूर्वाह्न 11.00 बजे फिर बैठेंगे।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 1 बजकर 25 मिनट पर गुरुवार 24 जनवरी, 2007 को अगले दिन के 11 बजे तक के लिये स्थगित हो गया)।

लखनऊ :

दिनांक 18 जनवरी, 2007

राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय,

प्रमुख सचिव, विधान सभा,

उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0-एल0 348 विधान सभा (592)-11-7-07-813 (कम्प्यूटर)।